





# अध्यक्षीय संदेश

इस वित्तीय वर्ष का यह दूसरा माह है जिससे संबंधित ''सृजन'' पत्रिका आपके अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। यह माह लोक सभा चुनाव की व्यस्तता के साथ व्यतीत हुआ है एवं अब 4 जून को चुनाव परिणाम घोषित होने के साथ ही आचार संहिता भी हट गई है। इस अवधि में जोधपुर में दिनांक 15.05.2024 को एवं उदयपुर में दिनांक 31.05.2024 को नेफकब के सौजन्य से 15 बैंकों के अध्यक्ष, संचालकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों के साथ–साथ नेफकब के अध्यक्ष महोदय भी उनकी टीम के साथ उपस्थित रहे। इन दोनों कार्यशालाओं को सभी प्रतिभागियों द्वारा सराहा गया। माह जुलाई में कोटा एवं जयपुर में भी ऐसी 2 कार्यशालाएं आयोजित की जावेगी।

अब समय आ गया है जब हमें एकजुट होकर सहकारी विभाग स्तर पर लम्बित विषयों की ओर ध्यान देना है एवं अरबन बैंकों के हित में उनका समुचित निपटान कराना है। शीघ्र ही सहकारिता मंत्री महोदय, राजस्थान सरकार की उपस्थिति में एक भव्य आयोजन भी सम्पन्न होने जा रहा है।

बैंकों से यह अपेक्षा है कि वे व्यवसाय बढ़ाने के लिये रणनीति तैयार करें एवं ''विकासोन्मुख कार्य योजना'' पर आगामी साधारण सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में विस्तृत विचार–विमर्श कर अंतिम रूप प्रदान करें जिससे बैंक एक पायदान ऊपर की ओर अग्रसर हो सके।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ!

जय सहकार!

मोहन पाराशर

**फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रैल, 2024 के अंक से फैडरेशन के संचालकों का प्रोफाईल विवरण एक–एक करके ''हमारे संचालक'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है।**

# ''हमारे संचालक''



## श्री तौसीफ हुसैन, अध्यक्ष,
## उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., उदयपुर

| | |
|---|---|
| **पिताजी –** | श्री कमरूद्दीन |
| **निवास –** | 20 लुकमान मार्ग,बोहरावाड़ी, उदयपुर (राज.)<br>12 खारोल कॉलोनी, गली नं.6, फतेहपुरा, उदयपुर (राज.) |
| **व्यक्तिगत मो. नंबर.–** | 9829538659 |
| **कार्यालय फोन नंबर–** | 0294–2420495 |
| **इमेल आईडी–** | tauseef.hussain@uucbudaipur.com, tsf.hussain@yahoo.com |
| **शिक्षा–** | बी.एड, एलएलबी, सी.ए.–फाईनल फर्स्ट ग्रुप, एमबीए(फाइनेंस), एम.काम,(एबीएसटी), बी.कॉम (एकाउंट्स एण्ड टैक्स), आईसीडब्ल्यूए–फाउंडेशन कंम्पूटिंग, एकाउंटिंग एंड फाइनेंस सर्टिफिकेट कोर्स, जनरल मैनेजमेंट एण्ड कम्पूयनिकेशन स्किल कोर्स, बैंकों के ऑडिट में व्यापक अनुभव है और वर्तमान में विभिन्न चार्टेड एकाउंटेंट फर्मो के साथ जुड़े हुए हैं। नेशनेलाईज्ड और प्राइवेट बैंकों के लिये कॉनकरेंट स्टेचुटेरी ऑडिटर। , |
| **व्यवसाय–** | **इनकम टैक्स प्रक्टिशनर** |
| **जन्मतिथि–** | 03.08.1987 |
| **विवाह तिथि–** | 09.08.2014 |
| **बैंक में स्थिति–** | **दिसम्बर, 2022 से अध्यक्ष पद पर**<br>अगस्त, 2017 से दिसंबर, 2022 तक उपाध्यक्ष पद पर |
| **सामाजिक गतिविधिया:** | –बोहरा समाज के कई संगठन एवं बोहरा यूथ संस्थान में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चयनित।<br>–उदयपुर वैलफेयर सोसायटी, उदयपुर के कनवीनर रहे।<br>–दाऊदी बोरा सुधारवादी आंदोलन में सक्रिय रहे।<br>–आल वर्ल्ड बोहरा जर्नल मासिक पत्रिका में सह–संपादक |

# शुभकामना संदेश

**बैंक के स्थापना दिवस पर**
**हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**



**चित्तौड़गढ़ अरबन को–आपरेटिव बैंक**
**– 14 मई, 2024 को 24वां स्थापना दिवस**

**कोटा महिला नागरिक सहकारी बैंक**
**– 19 मई, 2024 को 28वां स्थापना दिवस**

**राजसमंद अरबन को–ऑपरेटिव बैंक**
**– 23 मई, 2024 को  वां स्थापना दिवस**

**उदयपुर महिला अरबन को–ऑप. बैंक**
**– 27 मई, 2024 को  वां स्थापना दिवस**







**क्रेस्ट इन्फोमीडिया द्वारा पुणे में 8 मई, 2024 को** ***"Wielding Competitiveness Through Technology"*** *विषय पर आयोजित आठवीं आल इंडिया अरबन को–ऑपरेटिव बैंकिंग समिट एण्ड अवार्ड, 2024 में उत्कृष्ट कार्यों के लिये जालौर नागरिक सहकारी बैंक एवं आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक सिरोही को अवार्ड मिला।*

*फैडरेशन की ओर से हार्दिक बधाई।*



**भारतीय रिजर्व बैंक के उप–महाप्रबंधक (पर्यवेक्षण अनुभाग) श्री जे.एस.के. रावत को उनके कार्यालय में 13 मई, 2024 को सम्पर्क के दौरान गुलदस्ता भेंट करते हुए फैडरेशन अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर**






**अरबन बैंकों के निदेशकों व वरिष्ठ अधिकारियों की उदयपुर में प्रशिक्षण कार्यशाला**

## भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारियों ने दिया प्रशिक्षण

नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स (नेफकब) एवं दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर के तत्वावधान में राज्य के उदयपुर क्षेत्र के 7 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला 31 मई, 2024 को होटल ग्रांड फतेह, उदयपुर में आयोजित हुई। कार्यशाला में आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक, सिरोही, भीलवाड़ा अरबन को–ऑप. बैंक, चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर महिला अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर अरबन को–ऑप. बैंक एवं राजसमंद अरबन को–ऑप. बैंक के 65 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाग लिया गया।

प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से भारतीय रिजर्व बैंक, सी.ए.बी. पुणे के उप–महाप्रबंधक श्री मुरली कृष्ण एवं भारतीय रिजर्व बैंक, जयपुर के सहायक महाप्रबंधक श्री हरीश वेदी उपस्थित रहे। नेशनल फैडरेशन से अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास के साथ सलाहकार श्री सुभाष गुप्ता तथा राजस्थान फैडरेशन से अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा ने भी प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित किया।

















## राज्य के अरबन बैंकों की जोधपुर में प्रशिक्षण कार्यशाला

### नेफकब अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास की रही भागीदारी

दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर द्वारा नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स (नेफकब) नई दिल्ली के सहयोग से जोधपुर क्षेत्र की 8 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला होटल श्रीराम एक्सीलेंसी, जोधपुर में आयोजित की गई जिसमें 8 बैंकों यथा जोधपुर, ब्यावर, बालोतरा, रेल्वे एम्पलाईज बैंक–जोधपुर, रेल्वे श्रमिक सहकारी बैंक–बीकानेर, जालौर, पाली एवं नागौर के 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




इसके अलावा भीलवाड़ा बैंक के अध्यक्ष श्री विवेकानंद पाण्डे एवं आदर्श बैक के प्रबंध निदेशक श्री एन.एस.डाबी की भी उपस्थिति रही। कार्यशाला में भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक श्री हरीश वेदी

कार्यशाला की सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान नेशनल फैडरेशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी की सकिय भागीदारी रही। उनका शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।








दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## माह मई, 2024 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

- राज्य के अरबन बैंकों द्वारा अमानतों, ऋण बकाया एवं व्यवसाय आदि की प्रगति के समेकित स्टेटमेंट तैयार कर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट बनाई गई जो तुलनात्मक समीक्षात्मक विवरण सहित सदस्य बैंकों को सम्प्रेषित की गई।

- 4 मई, 2024 को फैडरेशन के वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंकेक्षण हेतु ऑडिटर की नियुक्ति से संबंधित पत्र को ''राजसहकार'' वेबसाईट पर एसएसओ लॉगिन के तहत अपलोड किया गया। सभी सदस्य बैंकों से भी यह निवेदन किया गया कि वे इस कार्यवाही को 31 मई, 2024 से पूर्व सम्पादित करें।

- 10 मई को सहकारी विभाग द्वारा चाहे अनुसार स्टेटिस्टीकल ईयर बुक–2024 के लिये सूचना तैयार कर भिजवाई।

- 13 मई को जयपुर प्रवास के दौरान फैडरेशन कार्यालय में अध्यक्ष महोदय द्वारा फैडरेशन वित्तीय वर्ष 2023–24 के अंतिम लेखों यथा प्राप्ति एवं भुगतान खाता, आय–व्यय खाता एवं 31 मार्च, 2023 की बैलेंस शीट के प्रत्येक मद का गहन विश्लेषण किया एवं कतिपय संशोधन भी कराये। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि इनकी प्रतियां अग्रिम रूप से सभी संचालक महोदयों को अग्रेषित कर दी जावें जिससे समय पर उनके सुझाव, यदि कोई हों, तो जानकारी मे आ जायें एवं संचालक मंडल की आगामी बैठक में सार्थक चर्चा हो सके।

- 13 मई को अध्यक्ष महोदय द्वारा भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय का विजिट किया गया। पर्यवेक्षण विभाग में नव–नियुक्त उप–महाप्रबंधक श्री जे एस के रावत से मुलाकात की एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं व्यक्त की। विचार–विमर्श के दौरान अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के समक्ष आ रही कठिनाईयों से अवगत कराया। इस मीटिंग के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी उनके साथ रहे।

- 15 मई को जोधपुर के पास की 8 बैंकों के निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिये नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन, (नेफकब) नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला होटल श्रीराम एक्सीलेंसी, 58 रेजीडेंसी रोड, मेडिकल कॉलेज के सामने, जोधपुर में आयोजित की गई जिसमें 10 बैंकों के 65 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यशाला की सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान नेशनल फैडरेशन के अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास जी की सक्रिय भागीदारी रही। उनका शॉल ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया।

- 18 मई को फैडरेशन के 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के अंतिम लेखे जिसमें वर्ष से संबंधित प्राप्ति एवं भुगतान, लाभ–हानि खाता एवं 31.03.2024 का संतुलन चित्र की प्रतियां फैडरेशन के माननीय संचालकों को अवलोकनार्थ अग्रिम रूप से इस उद्देश्य के साथ भिजवाई गई ताकि संचालक मंडल की बैठक के दौरान सार्थक चर्चा हो सके। फैडरेशन के संचालक मंडल की आगामी बैठक में इन अंतिम लेखों पर विचार किया जाकर ऑडिट संबंधी कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी।

- राज्य की टैफकब समिति की सब–कमेटी की मीटिंग 22–05–2024 को ऑनलाईन श्री जे.एस. के. रावत, उप–महाप्रबंधक, पर्यवेक्षण विभाग की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें डीआईसीजीसी के अधिकारी भी विशेष रूप से जुड़े। इस मीटिंग में राज्य के अवसायनाधीन अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों पर चर्चा हुई एवं अमानतदारों की बकाया रही अमानत राशि के वापसी भुगतान की कार्यवाही की बैंकवार समीक्षा की गई। इस मीटिंग में फैडरेशन की ओर से मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम.एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया।

- 31 मई को नेशनल फैडरेशन ऑफ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन (नेफकब) एवं दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर के तत्वावधान में राज्य के उदयपुर क्षेत्र के 7 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के निदेशकों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के लिये एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला होटल ग्रांड फतेह, उदयपुर में आयोजित हुई। कार्यशाला में आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक, सिरोही, भीलवाड़ा अरबन को–ऑप. बैंक, चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर महिला अरबन को–ऑप. बैंक, उदयपुर अरबन को–ऑप. बैंक एवं राजसमंद अरबन को–ऑप. बैंक के 62 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा भाग लिया गया। प्रशिक्षण हेतु विशेष रूप से भारतीय रिजर्व बैंक, सी.ए.बी. पुणे के उप–महाप्रबंधक श्री मुरली कृष्ण एवं जयपुर के सहायक महाप्रबंधक श्री हरीश वेदी उपस्थित रहे।

- नेशनल फैडरेशन से अध्यक्ष श्री लक्ष्मीदास के साथ सलाहकार श्री सुभाष गुप्ता तथा राजस्थान फैडरेशन से अध्यक्ष श्री मोहन पाराशर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यशाला के बाद 1 जून को उदयपुर अरबन को–ऑप. बैंक एवं उदयपुर महिला समृद्धि अरबन को–ऑप. बैंक का विजिट भी किया।

---




चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के संचालक मंडल की बैठक दिनांक .. को बैंक अध्यक्ष डॉ. आई.एम. सेठिया की अध्यक्षता में हुई जिसमें 31 मार्च की अंकेक्षित विवरणियां, 10 प्रतिशत लाभांश व लाभ समायोजन के अनुमोदन सहित आगामी 22 जून को इन्दिरा प्रियदर्शिनी ऑडिटोरियम में प्रस्तावित आम सभा की तैयारियों पर चर्चा हुई। प्रबंध निदेशक श्रीमती वंदना वजीरानी के अनुसार बैठक में विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि0, जयपुर द्वारा अपने सदस्य बैंकों को आंतरिक वितरण हेतु प्रकाशित